<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19.05.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरु करेगी केन्द्र सरकार, झारखंड की कृषि मंत्री ने केन्द्रीय कृषि मंत्री  को राज्य में कृषि विकास के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की दी जानकारी।
- मुख्य चुनाव आयुक्त ने नयी दिल्ली में झारखंड के फ्रंटलाइन चुनाव पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का किया उदघाटन, 402 सदस्यीय दल ले रहे हैं भाग।
- रोड सेल में हुई गड़बड़ी को लेकर सीबीआई ने सीसीएल बरकासयाल में दी दबिश, कार्यालयों में की छापेमारी, जीएम और प्रोजेक्ट ऑफिसर से पूछताछ।
- दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में चल रहे विकास और मरम्मत कार्यों के कारण आज से 25 मई तक 14 ट्रेनों को किया गया रद्द, कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन।
- झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, राज्य में क्रिकेट को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने की जतायी प्रतिबद्धता।

***************

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की 29 तारीख से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य  किसानों को कृषि संबंधी उन्न त तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी प्रदान कराना है। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा और इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों का एक दल लगभग 65 हजार गांवों में जाएगा और किसानों को वैज्ञानिक कृषि की व्या्वहारिक जानकारी देगा।

***************

इस बीच राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को राज्य में कृषि विकास के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने आज रांची के नामकुम स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सह जैव विविधता प्रौद्योगिकी संस्थान का परिभ्रमण भी किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को विज्ञानिक और तकनीकी रुप से दक्ष बनाने की संस्थान की पहल की जानकारी ली। मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड के किसानों के उत्पादन में बढ़ोतरी और उनके जीवनस्तर में गुणात्मक  सुधार लाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

***************

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज नयी दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में झारखंड के फ्रंटलाइन चुनाव पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में राज्य के 402 डीइओ, ईआरओ, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक शामिल हो रहे हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाताओं के बीच मतदान प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाना है।

***************

कोयलांचल के सीसीएल बरकासयाल में सीबीआई की टीम ने दबिश दी है। सीबीआई की टीम बरकासयाल प्रक्षेत्र के कार्यालयों में जांच कर रही है। सीबीआई ने जीएम एनके सिंह और प्रोजेक्ट ऑफिसर सुधीर कुमार से अलग–अलग पूछताछ शुरू की है। सूत्रों के अनुसार रोड सेल में हुई गड़बड़ी को लेकर सीबीआई ने यह कार्रवाई की है।

***************

कांग्रेस पार्टी की ओर से आज धनबाद में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस मौके पर श्री कमलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा के शासनकाल में संविधान खतरे में है। उन्होंने केन्द्र सरकार से आदिवासियों के हित में सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की।

***************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घुसपैठ और फर्जी प्रमाण पत्र के मुद्दे पर एक बार फिर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि राज्य में सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठिए ही नहीं, बल्कि आईएएस अधिकारी और कांग्रेस के विधायक भी अपना फर्ज़ी दस्तावेज बनवा रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार से फर्जी प्रमाण पत्र बनाने और बनवाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

***************

खूंटी जिले में किसान पाठशाला किसानों के लिए आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम बन गयी है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

***************

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में चल रहे विकास और मरम्मत कार्यों के कारण आज से 25 मई तक 14 ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया है। कुछ ट्रेनों के रूट बदले गये हैं। इसके अलावा, 6 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट कर चलाया जायेगा। जिन ट्रेनों को रद्द किया गया उनमें शालीमार–भोजुडीह–शालीमार एक्सप्रेस,खड़गपुर–हटिया–खड़गपुर एक्सप्रेस, मयनापुर–बांकुरा–मयनापुर मेमू, खड़गपुर–आद्रा–खड़गपुर मेमू,आसनसोल–आद्रा–आसनसोल मेमू, झारग्राम–धनबाद–झारग्राम मेमू, आसनसोल–पुरुलिया–आसनसोल मेमू शामिल हैं। इन ट्रेनों के दोनों फेरे रद्द रहेंगे।

***************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर ने कांडी प्रखंड की बलियारी पंचायत की मुखिया चंदा देवी को निलंबित करने एवं पंचायत सचिव राजेंद्र राम के विरूद्ध आरोप पत्र गठित करने की कारवाई की है।
- गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत निरासी पंचायत स्थित जमटी गांव का दौरा कर गांव में आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया।
- हजारीबाग जिले के बड़कागांव अंचल कार्यालय परिसर में आज भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने राजस्व कर्मचारी प्रह्लाद मांझी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

***************

राज्य के विभिन्न जिलों में 24 मई तक बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर की गति से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की गयी है। इस सम्बंध में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

***************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन, जेएससीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने अपनी पूरी टीम के साथ मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने जेएससीए के सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री और जेएससीए की नयी टीम ने झारखंड में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

******समाप्त*******